| दिनांक 23.02.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 26/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद शाहजहाँपुर/थाना खुदागंज**

- **25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 23.02.2025 को थाना खुदागंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कमलापुर पुलिया के पास से 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–अखिलेश उर्फ छोटे लल्ला 2–अरूण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त अखिलेश उर्फ छोटे लल्ला के विरूद्ध जनपद शाहजहाँपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आबकारी एक्ट, गुण्डा एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 23 अभियोग एवं अभियुक्त अरूण के विरूद्ध जनपद शाहजहाँपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, गुण्डा एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना खुदागंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना खुदागंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अखिलेश उर्फ छोटे लल्ला निवासी ग्राम कन्धरापुर नवदिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर।

2–अरूण निवासी ग्राम कन्धरापुर नवदिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद आजमगढ़/थाना देवगाँव

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 23.02.2025 को थाना देवगाँव पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बेसो नदी पुल के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मो0अकबाल को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना देवगाँव पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना देवगाँव पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0अकबाल निवासी बरदह थाना बरदह जनपद आजमगढ़।

## जनपद इटावा/थाना फ्रेण्डस कॉलोनी

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **चोरी के 11 हजार 100 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 23.02.2025 को थाना फ्रेण्डस कॉलोनी व थाना बसरेहर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेंगर नदी के पास से 02 अभियुक्तों 1–अजय 2–अभियुक्ता को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, चोरी के 11 हजार 100 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 22.02.2025 को थाना फ्रेण्डस कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना फ्रेण्डस

कॉलोनी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना फ्रेण्डस कॉलोनी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अजय निवासी ग्राम इकरन थाना चिकसाना जनपद भरतपुर राजस्थान।

2–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

2–चोरी के 11 हजार 100 रूपये नगद।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना इकोटेक–प्रथम**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 1250 लीटर पेट्रोल**
- **चोरी के पेट्रोल बिक्री के 08 हजार रूपये नगद**
- **02 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 23.02.2025 को थाना इकोटेक–प्रथम पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर घरबरा गेट के पास से 04 अभियुक्तों 1–तरूण 2–संतोष 3–सोनू 4–खुशीराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 1250 लीटर पेट्रोल, चोरी के पेट्रोल बिक्री के 08 हजार रूपये नगद, 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना इकोटेक–प्रथम पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—तरूण निवासी अटाली थाना छाएसा जनपद फरीदाबाद हरियाणा।

2—संतोष निवासी रामपुर पटेल थाना गोरखपुर जनपद जबलपुर मध्य प्रदेश।

3—सोनू निवासी गढ़ी सहदरा थाना सेक्टर—142 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

4—खुशीराम निवासी अटाली थाना छाएसा जनपद फरीदाबाद हरियाणा।

**बरामदगी**

1—चोरी के 1250 लीटर पेट्रोल।

2—चोरी के पेट्रोल बिक्री के 08 हजार रूपये नगद।

3—02 चार पहिया वाहन आदि।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना रतनपुरी**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनांक 22.02.2025 को थाना रतनपुरी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खतौली बुढ़ाना मार्ग इंचौडा कट के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—पारस 2—आमिर घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना रतनपुरी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—पारस निवासी ग्राम बडौदा थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

2—आमिर निवासी कस्बा व थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

————————